MyMoney™
SECURITIES LIMITED

Regd. Office : 10- A, Under Hill Lane, Civil Lines, Delhi - 110 054 ♦ Phones : 4708 7300, 4708 7455, 4144 0336
E-mail : mymoneyviews@outlook.com CIN : L67120DL1992PLC047890

Date: November 16, 2026

To,
The Manager
Listing Department
BSE Limited
P. J. Towers, Dalal Street
Mumbai – 400 001

Sub: Newspaper Publication of Unaudited Standalone Financial Results for the Quarter and Half year Ended September 30, 2026, pursuant to Regulation 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015

Ref: BSE Scrip Code – 538862

Dear Sir/Madam,

Pursuant to Regulation 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, we wish to inform you that the Unaudited Standalone Financial Results of the Company for the Quarter and Half year Ended September 30, 2026 were considered and approved by the Board of Directors at its meeting held on November 14, 2026, at the Registered Office of the Company.

In compliance with the aforesaid Regulation, the said Unaudited Standalone Financial Results have been duly published in "the Pioneer" newspaper – in the English edition on November 16, 2026 and in the Hindi edition on November 16, 2026.

Please find enclosed herewith copies of the newspaper publications for your record.

We request you to kindly take the same on record and update your records accordingly.

Thanking you,
Yours faithfully,
For My Money Securities Limited

MY MONEY SECURITIES LTD. DELHI

Sanajf Seth
Whole-time Director & CFO
DIN: 00350518

Mumbai Off. :
5th Floor, Gopal Mansion, Cinema Road (Behind Metro Cinema),
Dhobi Talao, Mumbai - 400 020 Phone : +91-22-2201 3996

आगे बढ़ने के लिए युवाओं को चाहिए अवसर और आधुनिक संसाधन: योगी

- सीएम योगी ने 'एक्स' पर लिखे युवाओं के उत्थान को लेकर अपने मनोभाव



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने युवाओं के उत्थान को लेकर अपने मनोभाव सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर प्रकट किए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आज का युवा अपनी प्रतिभा और परिश्रम से दुनिया में आगे बढ़ना चाहता है। उसे केवल अवसर और आधुनिक संसाधन चाहिए। डबल इंजन सरकार की ओर से अब तक 60 लाख से अधिक युवाओं को स्मार्टफोन और टैबलेट प्रदान किए गए हैं। इसी क्रम में आज लखनऊ से 25 लाख अतिरिक्त टैबलेट के वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। मुख्यमंत्री ने कहाकि पूर्ववर्ती सरकारों ने उत्तर प्रदेश में युवाओं के भविष्य की चिंता करने के बजाय उन्हें जाति, क्षेत्र और परिवारवाद की राजनीति में उलझाए रखा। उनकी प्रतिभा को तकनीक का साथ देने की कोई ठोस पहल नहीं हुई। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार ने इस स्थिति को बदला। 'डिजिटल इंडिया' के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तीकरण योजना के माध्यम से अब तक 60 लाख से अधिक युवाओं को स्मार्टफोन और टैबलेट प्रदान किए गए हैं। इसी यात्रा के अंतर्गत आज लखनऊ से 25 लाख अतिरिक्त टैबलेट के वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। मुख्यमंत्री योगी ने लिखा कि हमारा प्रयास है कि संसाधनों का अभाव किसी युवा की प्रतिभा के आड़े न आए और उत्तर प्रदेश का हर नौजवान अपनी मेहनत से सफलता की नई कहानी लिखे। सभी लाभार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

मेधावी विद्यार्थियों को सीएम ने वितरित किए टैबलेट

- युवाओं के हाथों में डिजिटल शक्ति, विकसित उत्तर प्रदेश का लक्ष्य : केशव प्रसाद मौर्य
- सकारात्मक सोच और युवाओं की ताकत से बदलता उत्तर प्रदेश: ब्रजेश पाठक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विभिन्न शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राओं को मंच पर टैबलेट वितरित किए। इनमें डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान की एमबीबीएस छात्रा सिमरन गुप्ता, एकेटीयू की एमबीए छात्रा सृष्टि शुक्ला, उत्तर प्रदेश इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज के एमएससी छात्र दिव्यम श्रीवास्तव, एसजीपीजीआई की पीएचडी नर्सिंग छात्रा नाजरीन खान, केजीएमयू की नेहा मोहन, महाराज बिजली पासी राजकीय महाविद्यालय के बीए के छात्र लेखराज विश्वकर्मा, एसआर इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी के छात्र रविंद्र सिंह मौर्य, लखनऊ विश्वविद्यालय के अतुलित पांडेय, सीएमएस महाविद्यालय बीए के छात्र हर्षित यादव, अभिजीत कुमार, जगदेव सिंह महाविद्यालय सीतापुर की प्रतिमा देवी, ग्रीनफील्ड कॉलेज सीतापुर के बीए के छात्र अमित कुमार, अभिषेक कुमार, उन्नाव की मान्या श्रीवास्तव को भी टैबलेट प्रदान किए गए।

आज प्रदेश मोबाइल और टैबलेट निर्माण का प्रमुख केंद्र : केशव

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार युवाओं को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना के तहत 25 लाख युवाओं को टैबलेट वितरित किए जा रहे हैं। इससे पहले लगभग 60 लाख युवाओं को डिजिटल उपकरण उपलब्ध कराए जा चुके हैं। सरकार का संकल्प है कि प्रतिभाशाली युवाओं को आगे बढ़ने के लिए संसाधनों की कमी न हो और उन्हें बिना किसी भेदभाव के समान अवसर मिलें। उन्होने कहा कि एक समय उत्तर प्रदेश की पहचान कट्टा और बम बनाने वाली फैक्ट्रियों से होती थी, लेकिन आज प्रदेश मोबाइल और टैबलेट निर्माण का प्रमुख केंद्र बन रहा है।



'कट्टा उद्योग' की छवि से निकलकर विकास की तरफ बढ़ रहा यूपी : पाठक

उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश अब 'कट्टा उद्योग' की छवि से निकलकर विकास, बेहतर इन्फ्रास्ट्रक्चर, मजबूत शिक्षा और लाखों सरकारी रोजगार का केंद्र बन चुका है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे नकारात्मक दृष्टि के बजाय हमेशा सकारात्मक सोच अपनाएं, क्योंकि आज राज्य में मेडिकल सीटों से लेकर हर क्षेत्र में अभूतपूर्व क्रांति आई है। साथ ही, उन्होंने युवाओं को जाति, धर्म और संप्रदाय की संकीर्ण दीवारों से ऊपर उठकर एकजुट होने और उत्तर प्रदेश को निरंतर प्रगति के पथ पर आगे ले जाने के लिए प्रेरित किया।

पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए डॉ. देवेन्द्र सिंह को 'गोमती गौरव अलंकरण-2026'

लोकहित की आवाज, पत्रकारिता की मर्यादा और सामाजिक सरोकारों के प्रति समर्पित व्यक्तित्व का सम्मान



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

पत्रकारिता केवल समाचारों का संकलन और प्रसारण भर नहीं है, अपितु यह समाज की चेतना को स्वर देने, वंचितों को अभिव्यक्ति का मंच प्रदान करने और लोकतंत्र के मूल्यों की रक्षा करने का सशक्त माध्यम है। इसी लोकमंगलकारी पत्रकारिता के क्षेत्र में अपने विशिष्ट, दीर्घकालीन एवं उत्कृष्ट योगदान के लिए वरिष्ठ पत्रकार डॉ. देवेन्द्र सिंह को 'गोमती गौरव अलंकरण-2026' से सम्मानित किया गया।

गोमती उत्सव समिति द्वारा लखनऊ के गोमतीनगर स्थित केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित समारोह में उन्हें यह प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया गया। स्वाभाविक उदारता, सहज सरलता और संवेदनशील मानवीय दृष्टि से समृद्ध डॉ. देवेन्द्र सिंह का व्यक्तित्व वस्तुतः 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' की भावना को समर्पित है। उनके लिए पत्रकारिता महज एक पेशा नहीं, बल्कि समाज के प्रति उत्तरदायित्व का निर्वहन और जनसरोकारों के प्रति प्रतिबद्धता का माध्यम रही है।

बचपन से ही उनके मन में समाज के गरीब, पिछड़े, वंचित और दबे-कुचले वर्गों की पीड़ा को स्वर देने की आकांक्षा रही। एक प्रतिष्ठित ब्यूरोक्रेट परिवार से संबंध रखने के बावजूद उन्होंने अपने जीवन की दिशा प्रशासनिक प्रतिष्ठा के बजाय पत्रकारिता के जनपक्षधर और संघर्षशील मार्ग की ओर निर्धारित की। विधि की शिक्षा के साथ अर्थशास्त्र में पीएचडी की उपाधि प्राप्त कर उन्होंने अपने बौद्धिक क्षितिज को व्यापक बनाया। कानून की तार्किक दृष्टि और अर्थशास्त्र की विश्लेषणात्मक समझ ने उनकी पत्रकारिता को तथ्यपरकता, विवेकशीलता और वैचारिक गहराई प्रदान की।

वर्ष 1992 में राष्ट्रीय सहारा से अपने पत्रकारिता जीवन का प्रारंभ करने वाले डॉ. सिंह ने अपनी प्रतिभा, परिश्रम और लेखकीय वैदुष्य के बल पर पत्रकारिता जगत में विशिष्ट पहचान स्थापित की। स्वतंत्र भारत, इंडियन एक्सप्रेस, जनसत्ता, वॉयस ऑफ लखनऊ और द स्टेट्समैन जैसे प्रतिष्ठित समाचार-पत्रों में अपनी सेवाएं प्रदान करते हुए उन्होंने पत्रकारिता के विविध आयामों को समृद्ध किया। दैनिक जागरण में महाप्रबंधक जैसे महत्त्वपूर्ण दायित्व का निर्वहन करते हुए उन्होंने संगठनात्मक एवं संपादकीय अनुभव की व्यापकता भी प्रदर्शित की।

वर्तमान में वे पायनियर हिंदी के समूह संपादक तथा अंग्रेजी दैनिक द पायनियर के निदेशक जैसे महत्त्वपूर्ण पदों को सुशोभित कर रहे हैं। यह उनकी पत्रकारिता की दीर्घ साधना, कार्यक्षमता और विशिष्ट व्यावसायिक प्रतिष्ठा का परिचायक है।

लोकतंत्र के चतुर्थ स्तंभ के रूप में पत्रकारिता की गरिमा बनाए रखना, सूचना के साथ ज्ञान को प्राथमिकता देना, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के साथ मर्यादा और अनुशासन का संतुलन स्थापित करना तथा समाचारों को सामाजिक उत्तरदायित्व से जोड़ना उनकी पत्रकारिता के प्रमुख मूल्य रहे हैं। वे इस बात के पक्षधर हैं कि पत्रकारिता की सार्थकता केवल सत्ता और व्यवस्था पर प्रश्न उठाने में नहीं, बल्कि समाज को सही दिशा, सकारात्मक दृष्टि और तथ्यपरक जानकारी उपलब्ध कराने में भी निहित है। डॉ. देवेन्द्र सिंह का सम्मान वस्तुतः एक ऐसे पत्रकार का सम्मान है, जिसने अपनी लेखनी को व्यक्तिगत प्रतिष्ठा का साधन नहीं, बल्कि सामाजिक सरोकारों की अभिव्यक्ति का माध्यम बनाया। उनकी सहजता में विनम्रता, विचारों में प्रखरता और कार्यशैली में अनुशासन का अद्भुत समन्वय दिखाई देता है। 'गोमती गौरव अलंकरण-2026' उनके पत्रकारिता जीवन की उपलब्धियों का अभिनंदन ही नहीं, अपितु उन मानवीय मूल्यों का भी सम्मान है, जिनके आधार पर पत्रकारिता समाज का पथप्रदर्शन करती है।

निस्संदेह, जब कलम का संबंध करुणा से, विचार का संबंध विवेक से और अभिव्यक्ति का संबंध लोकमंगल से जुड़ जाता है, तभी पत्रकारिता अपने वास्तविक धर्म को प्राप्त करती है। डॉ. देवेन्द्र सिंह को यह गौरवपूर्ण अलंकरण प्राप्त होना पत्रकारिता जगत के लिए गौरव का विषय है। उन्हें हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएँ।

ज्योतिष के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए डॉ. बिपिन कुमार पाण्डेय को मिला 'गोमती गौरव' सम्मान

- पंचांग संपादन, ग्रहगणित, पांच हजार वर्षों के सूर्य-चन्द्र ग्रहणों की गणना तथा एक हजार वर्षों के कुंभ पर्वों के काल-निर्धारण में उल्लेखनीय योगदान का मिला सम्मान



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

भारतीय ज्योतिष की शास्त्रीय परम्परा, खगोलीय गणना और भारतीय कालगणना के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय के ज्योतिर्विज्ञान विभाग के ज्योतिषाचार्य डॉ. बिपिन कुमार पाण्डेय को 'गोमती गौरव' सम्मान से सम्मानित किया गया। यह गरिमामयी सम्मान गोमती उत्सव समिति द्वारा केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, गोमतीनगर परिसर, लखनऊ में आयोजित 'गोमती उत्सव-2026' (13, 14 व 15 नवम्बर) के पावन अवसर पर शनिवार को प्रदान किया गया। ज्योतिष के गणितीय एवं सैद्धान्तिक पक्ष के गहन अध्ययन, पंचांग निर्माण एवं संपादन, ग्रहस्पष्टीकरण, व्रत-पर्व निर्धारण तथा प्राचीन भारतीय खगोल गणित की परम्परा को आगे बढ़ाने में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया। डॉ. पाण्डेय वर्ष 2006 से लखनऊ विश्वविद्यालय में ज्योतिर्विज्ञान का अध्यापन कर रहे हैं। लगभग दो दशकों से वे ज्योतिष के गणितीय एवं फलित पक्ष के शिक्षण, शोध और भारतीय कालगणना की परम्परा के संवर्धन में सक्रिय हैं। पंचांग निर्माण के क्षेत्र में उनका विशेष योगदान रहा है। वर्ष 2015 से प्रतिवर्ष वे 'पत्रा पण्डित रामप्रसाद जी सिद्धान्ती' पंचांग के संपादन एवं निर्माण कार्य से जुड़े हैं। इसके अंतर्गत ग्रहस्पष्टीकरण, व्रत-पर्व निर्धारण, मुहूर्त निर्माण और पंचांग के विभिन्न गणनात्मक एवं निर्णयात्मक पक्षों का दायित्व निभा रहे हैं।

उनके शोध एवं गणनात्मक कार्यों की एक महत्त्वपूर्ण उपलब्धि ईसा पूर्व 2000 से ईस्वी सन् 3000 तक के लगभग पांच हजार वर्षों के कालखंड में होने वाले सूर्यग्रहण एवं चन्द्रग्रहण की गणना है। यह कार्य भारतीय ज्योतिष के सिद्धान्त पक्ष और खगोलीय गणित के दीर्घकालिक अध्ययन की दृष्टि से विशेष महत्त्व रखता है। इसके अतिरिक्त उन्होंने प्रयागराज, हरिद्वार, नासिक और उज्जैन में आयोजित होने वाले कुंभ पर्वों के लगभग एक हजार वर्षों के कालचक्र का गणनात्मक अध्ययन भी किया है। कुंभ पर्वों का समय निर्धारण गुरु, सूर्य आदि ग्रहों की विशिष्ट राशिगत स्थितियों और भारतीय ज्योतिषीय परम्परा से जुड़ा है। चारों प्रमुख कुंभ तीर्थों के पर्वकाल का इतना विस्तृत ऐतिहासिक एवं गणितीय अध्ययन भारतीय कालगणना के क्षेत्र में उनकी विशिष्ट शोध-दृष्टि को प्रदर्शित करता है। डॉ. पाण्डेय का मानना है कि भारतीय ज्योतिष केवल फलादेश की विद्या नहीं, बल्कि ग्रह-नक्षत्रों की गति, खगोलीय घटनाओं, ऋतु परिवर्तन, काल-विभाजन और धार्मिक-सांस्कृतिक जीवन के नियमन से जुड़ा व्यापक ज्ञान-विज्ञान है। प्राचीन भारतीय आचार्यों द्वारा विकसित गणितीय सिद्धान्तों का अध्ययन, उनका परीक्षण और समकालीन संदर्भों में उनका अनुप्रयोग भारतीय ज्ञान परम्परा को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का महत्त्वपूर्ण माध्यम है। 'गोमती उत्सव-2026' के दौरान आयोजित इस भव्य समारोह में 'गोमती गौरव' सम्मान से अलंकृत होने पर ज्योतिर्विज्ञान, संस्कृत एवं भारतीय ज्ञान परम्परा से जुड़े विद्वानों, शिक्षकों, शोधार्थियों और शुभचिंतकों ने गहरी प्रसन्नता व्यक्त की है।

76 हजार से अधिक लखपति दीदी, कर रही रोज 13 लाख लीटर दुग्ध संग्रह

- 31 जिलों में महिला नेतृत्व वाले दुग्ध मॉडल से महिलाएं बन रहीं 'लखपति दीदी'



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

उत्तर प्रदेश के गांवों में चार लाख से अधिक महिलाएं ग्रामीण अर्थव्यवस्था की नई ताकत बनकर उभरी हैं। योगी सरकार के ग्रामीण आजीविका मिशन और डेयरी मॉडल से जुड़कर ये महिलाएं अब केवल पशुपालन तक सीमित नहीं हैं, बल्कि दूध के संग्रह से लेकर उसकी गुणवत्ता जांच, बिक्री और भुगतान तक की कमान खुद संभाल रही हैं। प्रदेश के 31 जिलों में महिलाएं प्रतिदिन 13 लाख लीटर से अधिक दूध का संग्रह कर रही हैं। इस बदलाव का सीधा असर महिलाओं की आमदनी पर भी पड़ा है और इनमें से 76 हजार से अधिक महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर आजीविका मिशन के जरिए ग्रामीण कारोबार को बिचौलियों से मुक्त कर महिलाओं को सीधे बाजार से जोड़ने का अभियान चलाया गया है। गांवों में तैयार हुआ यह नेटवर्क महिलाओं को दूध की सही कीमत दिलाने के साथ कारोबार का पूरा हिसाब भी उनके हाथ में दे रहा है। मोबाइल एप और डिजिटल मशीनों के इस्तेमाल से दूध की मात्रा, फैट की जांच, कीमत और भुगतान का रिकॉर्ड ऑनलाइन उपलब्ध हो रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालन लंबे समय से परिवारों की आय का महत्वपूर्ण जरिया रहा है। पशुओं की देखभाल और दूध उत्पादन में महिलाओं की भूमिका सबसे अधिक होने के बावजूद दूध की बिक्री, कीमत तय करने और हिसाब-किताब में उनकी सीधी भागीदारी सीमित रहती थी। अब डेयरी के नए मॉडल के जरिए इस व्यवस्था को बदलना शुरू किया गया है। अब गांव की महिलाएं खुद दूध उत्पादक समूहों और कंपनियों से जुड़कर कारोबार संभाल रही हैं। इस मॉडल की खास बात यह है कि महिलाओं को अपने गांव में रहकर ही नियमित बाजार मिल रहा है। दूध संग्रह केंद्रों पर दूध पहुंचाने के बाद उसकी मात्रा और गुणवत्ता का रिकॉर्ड डिजिटल रूप से दर्ज हो जाता है। इससे महिला पशुपालकों को यह पता रहता है कि उन्होंने कितना दूध संग्रह किया है, उसमें फैट कितना था और उसके बदले उन्हें कितना भुगतान मिलेगा। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के मिशन निदेशक अरुण कुमार ने बताया कि डिजिटल डेयरी नेटवर्क का असर महिलाओं की आर्थिक स्थिति पर साफ दिखाई दे रहा है। प्रदेश में महिला नेतृत्व वाले इस दुग्ध मॉडल से जुड़कर 76 हजार से अधिक महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी हैं। यानी डेयरी कारोबार उनके लिए अतिरिक्त आमदनी का साधन भर नहीं रह गया है, बल्कि नियमित और मजबूत आजीविका के रूप में उभरा है। प्रदेश के 31 जिलों में फैला यह नेटवर्क ग्रामीण अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भूमिका को भी नया स्वरूप दे रहा है। दूध उत्पादन से मिलने वाली आमदनी सीधे महिलाओं के हाथ में आने से परिवार के रोजमर्रा के खर्च, बच्चों की पढ़ाई और दूसरी जरूरतों में उनकी आर्थिक भागीदारी बढ़ी है।

डिजिटल क्रांति से मुट्ठी में आया कारोबार : उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के मिशन निदेशक अरुण कुमार ने बताया कि मोबाइल और डिजिटल तकनीक ने गांव की महिला पशुपालकों के लिए कारोबार को पहले से आसान बनाया है। दूध संग्रह से लेकर भुगतान तक की जानकारी ऑनलाइन होने से उन्हें अपने रोज के कारोबार का रिकॉर्ड रखने के लिए दूसरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ रहा है।

सपा में 'परिवार की, दरी बिछाने, आइए' का चल रहा है फॉर्मूला: पंकज चौधरी



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

उत्तर प्रदेश की राजनीति में परिवारवाद को लेकर भारतीय जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी के बीच सियासी टकराव एक बार फिर तेज हो गया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने समाजवादी पार्टी के पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) नारे पर तीखा कटाक्ष करते हुए इसका नया अर्थ गढ़ा है। उन्होंने पीडीए को 'परिवार की, दरी बिछाने, आइए' बताते हुए सपा पर समाजवाद की आड़ में परिवारवाद की राजनीति करने का आरोप लगाया है। पंकज चौधरी ने रविवार, 15 नवंबर को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट साझा कर समाजवादी पार्टी की राजनीतिक कार्यशैली पर सवाल उठाए। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा, कि 'पी-परिवार की, डी-'दरी' बिछाने, ए- आइए!' इसके साथ ही उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि समझिए कि मसीहा की तख्ती गले में लटकाए घूम रहे लोग कैसे समाजवाद के नाम पर 'परिवारवाद प्राइवेट लिमिटेड' चला रहे हैं? भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का यह कटाक्ष समाजवादी पार्टी के पीडीए नारे को सीधे निशाने पर लेने के साथ-साथ पार्टी में परिवार की कथित राजनीतिक प्राथमिकता को लेकर है। उन्होंने अपने पोस्ट में केवल पीडीए के नाम की नई व्याख्या ही नहीं की, बल्कि पार्टी के शीर्ष पदों, चुनावी दावेदारियों और संगठनात्मक जिम्मेदारियों को भी परिवारवाद से जोड़कर सवाल उठाए।

PUBLIC NOTICE

It is for general information that I **Poonam Choudhary** W/o **Rishi Kumar** R/o **1-84, Near Mother Dairy, Sector-27. Noida, PO: Noida, Dist: Gautam Buddha Nagar, Uttar Pradesh-201301** declare that name of mine has been wrongly written as **Poonam** in my minor daughter namely is **Tanishka Chaudhary** aged 14 years in her school record. The actual name of mine is **Poonam Choudhary** which may be amended accordingly.

PUBLIC NOTICE

It is for general information that I **Poonam Choudhary** W/o **Rishi kumar,** R/o **I-84 Sector-27 Noida, Dist: Gautam Buddha Nagar, Uttar pradesh-201301** Guardian of minor **Tanishka chaudhary** declare that name of our daughter has been wrongly recorded **Tanishka Chaudhary** in her School records. Her actual and correct name is **Tanishka Choudhary,** that **Tanishka Choudhary** and **Tanishka Chaudhary** the same name of one person. i.e my daughter.

सार्वजनिक सूचना (आईएनसी-26)
मोरल इंडस्ट्रीज लिमिटेड
CIN: U74999DL2010PLC205302
क्षेत्रीय निदेशक उत्तरी क्षेत्र के समक्ष
कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13(4) के मामले में और
मोरल इंडस्ट्रीज लिमिटेड
(CIN: U74999DL2010PLC205302) के मामले में

इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि मोरल इंडस्ट्रीज लिमिटेड के पंजीकृत कार्यालय को दिल्ली राज्य से उत्तर प्रदेश राज्य में खसरा संख्या 162, बेहाटावा, कानपुर रोड, अमाउसी, सरोजिनी नगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश, 226008 में स्थानांतरित करने के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के तहत पुष्टि प्राप्त करने हेतु उत्तरी क्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक को एक आवेदन प्रस्तुत किया जाना प्रस्तावित है।

कोई भी व्यक्ति जिसका हित प्रस्तावित परिवर्तन से प्रभावित होने की संभावना है, वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से चौदह (14) दिनों के भीतर क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, बी-2 विंग, दूसरी मंजिल, पर्यावरण भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली - 110003 को अपने हितों की प्रकृति बताते हुए हलफनामे के साथ अपनी आपत्तियां प्रस्तुत कर सकता है या पंजीकृत डाक द्वारा भेज सकता है, साथ ही कंपनी के पंजीकृत कार्यालय को भी एक प्रति भेज सकता है।

मोरल इंडस्ट्रीज लिमिटेड के लिए
हस्ताक्षर/- अजय कुमार शर्मा
दिनांक: 16.11.2026 **निदेशक**

माई मनी सिक्योरिटीज लिमिटेड
CIN: L67120DL1992PLC047890
पंजीकृत कार्यालय : 10 ए, अंडरहिल लेन, सिविल लाइस, दिल्ली–110054
ई मेल आई डी : mymoneyviews@outlook.com, फोन नं. : 011–47087300, 47087455
30 सितम्बर, 2026 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का सार
(राशि लाख में)

क्र. सं	विवरण	समाप्त तिमाही			समाप्त छमाही		समाप्त वर्ष
		30.09.2026 अलेखापरीक्षित	30.06.2026 अलेखापरीक्षित	30.09.2025 अलेखापरीक्षित	30.09.2026 अलेखापरीक्षित	30.09.2025 अलेखापरीक्षित	31.03.2026 लेखापरीक्षित
1	कुल आय	195.52	295.99	42.47	491.51	128.89	601.10
2	अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, असाधारण और/या विशेष मदों से पहले)	1.09	247.94	31.82	249.03	−40.39	422.92
3	अवधि के लिए कर–पश्चात शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/या विशेष मदों# के बाद)	−5.06	204.44	31.76	199.38	−45.97	420.69
4	अवधि हेतु कुल व्यापक आय (जिसमें अवधि का लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद) शामिल है)	−5.06	204.44	31.76	199.38	−45.97	420.69
5	इक्विटी शेयर कैपिटल	1680.03	1680.03	1680.03	1680.03	1680.03	1680.03
6	प्रति शेयर (रु 10/– प्रत्येक के) वार्षिक नही बेसिक :	−0.030	1.217	0.189	1.187	−0.274	4.103
	हायल्युटेड :	−0.030	1.217	0.189	1.187	−0.274	4.103

नोट :
1. उपर्युक्त परिणामों की समीक्षा लेखापरीक्षित कमिटी द्वारा की गई है और 14.11.2026 को आयोजित बैठक में बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स द्वारा इन्हें मंजूरी दी गई है।
2. उपर्युक्त जानकारी 30 सितम्बर, 2026 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए "अलेखापरीक्षित" (बिना लेखापरीक्षित किए गए) वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारुप का एक अंश है। इसे सेबी (लिस्टिंग और अन्य प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज में दाखिल किया गया है। इन अलेखापरीक्षित तिमाही परिणामों का पूरा प्रारुप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com और कंपनी की वेबसाइट www.mymoneyviews.com पर उपलब्ध है

कृते व निदेशक मंडल की ओर से
हस्ता/–
संजय सेठ
पूर्वकालिन निर्देशक एवं सी.एफ.ओ.
डीआईएन : 00350514

स्थान : दिल्ली
दिनांक : 14.11.2026

The Pioneer
NEW DELHI | MONDAY | NOVEMBER 16, 2026

8 injured as roof slab collapses at under construction building in Paharganj

PIONEER NEWS SERVICE
New Delhi

Eight people were injured after a roof slab of a building under construction in central Delhi's Paharganj area collapsed on Sunday evening, police said, barely 10 days after a similar incident in Old Delhi's Chawri Bazar claimed seven lives.

The incident took place at a property in Sangatrashan, opposite the Government Girls Senior Secondary School in Paharganj.

According to police, construction work for a hotel building was underway when a portion of the structure collapsed. The roof slab of the second floor was being laid when the incident occurred.

A PCR call regarding the partial collapse was received at Paharganj police station, following which police personnel rushed to the spot and initiated rescue operations.

"A total of eight people sustained injuries and were shifted to Lady Hardinge Medical College and Hospital for treatment. The injured have been identified as Sheikh Saddam (37), Sheikh Raja (20), Mohammad Suhail (50), Sanjud Khan (40), Gautam Yadav (28), Varun Yadav (36), Raja (36) and Mantsu (40)," a senior police officer said.

According to preliminary information, some of the injured have suffered fractures, while others sustained minor injuries. Their medical examination and treatment are underway, the officer said.


Damaged remains of an under-construction building after it partially collapsed in Paharganj area, New Delhi on Sunday PTI

During a preliminary inspection, the supporting columns of the building were found to be wet, and the structure appeared to have tilted, raising concerns about its stability. The circumstances leading to the collapse are being examined, and further legal action is being initiated, he added.

The Delhi Fire Services also received a call regarding the collapse at 4.40 pm. Two water tenders and an emergency response team were rushed to the location.

According to fire department officials, the roof slab was initially reported to have collapsed during construction work. The injured were shifted to hospital by PCR personnel and local residents before the fire department teams reached the spot.

The latest incident comes just over a week after a three-storey building coming up in Old Delhi's Chawri Bazar area collapsed on November 5, killing seven people and triggering an extensive multi-agency rescue operation.

The building, located in Gali Sitara near Chawri Bazar metro station in Hauz Qazi area, collapsed during construction work. Around 10 to 15 labourers were present at the site at the time.

The death toll in the incident rose to seven after rescue teams recovered bodies from beneath the debris. The deceased were identified as Sanjeet Kumar, Kishori Sah, Pankaj Sharma, Vipin Ram, Shantu, Dinesh Sah and Luchhuman Mukhiya. Four of them were residents of Bihar.

The building owner, identified as Saimullah alias Ayub, and three contractors -- Siraj, Tajuddin and Furkan --were arrested in connection with the collapse.

According to police, the Chawri Bazar building was allegedly being constructed without requisite approvals.

The Municipal Corporation of Delhi had said no building plan had been sanctioned for the structure.

The civic body had also suspended a junior engineer and an assistant engineer following the incident, while the Delhi government ordered an inquiry into the collapse.

The two building collapses within a span of 10 days have once again brought the safety of structures under construction in the capital under scrutiny.

In the latest incident, police are examining the condition of the building and the circumstances under which the construction work was being carried out even when GRAP restrictions remain in force in Delhi-NCR.

CM pays tribute to Birsa Munda at Baansera Park

PIONEER NEWS SERVICE
New Delhi

Remembering a tribal leader whose fight for dignity, rights and freedom became part of India's struggle against injustice, Chief Minister Rekha Gupta on Sunday paid tribute to Bhagwan Birsa Munda on his 151st birth anniversary at Baansera Park in Delhi. The Delhi BJP also paid tribute to the tribal revolutionary on his 151st anniversary.

She said his life remained an enduring inspiration for those fighting exploitation and protecting their culture, while stressing the need to bring tribal communities into the mainstream of development.

The Chief Minister laid floral tributes at Birsa Munda's statue on the occasion of Janjatiya Gaurav Diwas, observed as Tribal Pride Day. She also joined other dignitaries in listening to Prime Minister Narendra Modi's address. MLA Tarvinder Singh Marwah and other prominent personalities were present.

The Chief Minister said Birsa Munda had mobilised tribal communities to stand up for their rights, dignity and freedom. She said his courage, sacrifice, and commitment to the country made him one of the key figures in India's freedom struggle and a symbol of resistance against injustice.



She said his legacy went beyond remembering a historical figure. His life offered lessons in standing up to exploitation, preserving cultural traditions, and remaining committed to the nation. Observing his birth anniversary as Tribal Pride Day, she added, helped introduce younger generations to the struggles and contributions of tribal communities.


The Chief Minister also highlighted the Centre's initiatives for tribal welfare under Prime Minister Narendra Modi's leadership. She said communities that had been neglected for decades were receiving greater attention, with efforts to recognise their history, cultural identity and contribution to the country.

According to the Chief Minister, bringing tribal heroes and their contributions into public focus was important for restoring recognition and pride among these communities. She said their heritage was an integral part of India's national identity and deserved wider acknowledgement.

Referring to the government's development initiatives, the Chief Minister cited the Pradhan Mantri Janjati Adivasi Nyaya Maha Abhiyan (PM-JANMAN) and the Dharti Aaba Janjatiya Gram Utkarsh Abhiyan. Union Minister of State Harsh Malhotra, MP Ramvir Singh Bidhuri and many office-bearers paid Munda their tributes.

Malhotra said that the BJP believes "Bhagwan Birsa Munda" was not just a revolutionary, but a symbol of social harmony, and the conservation of water, forests, land and self-respect.

Children take charge of Namo Bharat station on Children's Day



PIONEER NEWS SERVICE
New Delhi

Ticket counters, control rooms, and security desks at Meerut South Namo Bharat station had an unusual staff lineup on Sunday. Schoolchildren took over several station duties for a day, getting a first-hand look at how India's first regional rapid rail system operates and how different teams work together to keep passengers moving safely and comfortably.

The National Capital Region Transport Corporation (NCRTC) organised the special experience to mark Children's Day. Under the guidance of NCRTC officials and station employees, the students stepped into the roles of station controllers, announcers and customer care associates, while also assisting commuters at ticket counters and the help desk.

For the young participants, the exercise offered a glimpse into the work passengers rarely see during their daily journeys.

They learnt about the responsibilities of station staff, security personnel, and maintenance teams, and how their coordination is essential to the station's smooth functioning.

The station control room proved particularly engaging. The children asked questions about passenger safety and wanted to understand how Namo Bharat and Meerut Metro trains operate on the same tracks. Officials explained how the control systems work and the coordination required to manage train operations.

The students also spent time with personnel of the Uttar Pradesh Special Security Force (UPSSF), learning about passenger screening procedures. They watched how baggage is checked through X-ray machines and visited the security control room to see the live surveillance systems used to monitor the station.

The visit also introduced them to the work of the maintenance teams. Station staff explained how regular upkeep helps keep the premises clean and comfortable for commuters.

The children were not confined to observing operations. They interacted with passengers, greeted commuters, enquired about their journeys and handed over tickets. Their presence brought an unusual cheer to the station, with commuters stopping to smile and engage with the young volunteers. Some also appreciated the NCRTC initiative for giving students a chance to experience how a public transport facility works.

Family-run heroin racket busted, six arrested with ₹5 cr drugs worth

PIONEER NEWS SERVICE
New Delhi

Delhi Police on Sunday said it has busted a "family-run" interstate heroin trafficking network, arresting six persons and seizing 2.25 kg of the contraband worth around ₹5 crore.

The operation began on September 11 following a tip-off that a man, identified as Rohit Divakar, his wife and brother were transporting heroin on two-wheelers from Signature Bridge towards Khajuri Khas.

The three were intercepted on Wazirabad Road, and more than 2 kg of heroin was recovered from a backpack on Vishal Divakar, Rohit's brother, police said.



Subsequently, a case was registered in the matter at the Anti Narcotics Task Force police station under relevant provisions of the Narcotic Drugs and Psychotropic Substances (NDPS) Act, and the trio was arrested.

During the investigation, police arrested the alleged receiver, Afroj Ali, from Roorkee in Uttarakhand on September 15. Another 104 grams of heroin was recovered from his apartment in Uttar Pradesh's Ghaziabad.

Police subsequently arrested Chirag (23), a resident of Khyala, on September 25. Another 140 grams of heroin was recovered from an alleged hideout in Burari. Police said Chirag is accused in two previous NDPS cases and was out on interim bail.

The sixth accused, Gaurav, was arrested from Ghaziabad on November 10, with police seizing ₹36,000 of suspected drug money and a Mahindra Thar allegedly purchased with proceeds of narcotics trade.

The recovery includes heroin worth ₹5 crore, ₹73,400 in cash, two Mahindra Thar SUVs, two motorcycles, a scooty and five mobile phones.

2 killed in Pooth Khurd after 3-year-old liquor dispute turns violent

PIONEER NEWS SERVICE
New Delhi

A three-year-old complaint related to alleged illegal liquor sales and the dispute that ensued apparently culminated in two murders in an outer-north Delhi village, where a 27-year-old man was shot dead. At the same time, the attacker was subsequently beaten to death by the victim's brother, police sources said on Sunday.

The deceased have been identified as Sachin and Sonu alias Pradeep, residents of the same locality in Pooth Khurd village in Bawana area.

Police have arrested Sachin's brother Naresh for allegedly killing Sonu, an officer said.

According to police, Bawana police station received information about a firing incident around midnight on Saturday. Sachin was taken to Maharishi Valmiki Hospital, where doctors declared him dead. He had sustained a gunshot injury to his chest.

A police team rushed to the crime scene, where bloodstains and three empty cartridges were found inside a cowshed on a plot owned by Sachin's family. During further searches, another body was found in an adjoining lane, around 100 metres from the cowshed. The deceased was identified as Sonu.

"Preliminary investigation and examination of CCTV footage revealed that Sonu had called Sachin and asked him to come out of his house. A quarrel broke out between the two, following which Sonu opened fire at Sachin before attempting to flee," a senior police officer said.

Hearing the gunshots, Naresh came out and chased Sonu. He caught hold of him, following which a confrontation took place. Naresh allegedly assaulted Sonu with bricks and stones,



repeatedly hitting his head, leading to his death, the officer said.

Police have arrested Naresh in connection with Sonu's murder and are investigating the circumstances surrounding both killings.

Police sources said Sachin worked as a healthcare worker, while Naresh was employed at a factory in Kundli. The two brothers lived together on the plot.

VANI COMMERCIALS LIMITED

"Regd. office : 201, 2nd floor, BMC House, N Block, Near Maruti Suzuki Arena, Connaught Place, Delhi -110001"
CIN: L74899DL1988PLC106425 PH: +91- 9560066230, Website: www.vanicommercials.com Email ID: info@vanicommercials.com

EXTRACT OF UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND HALF YEAR ENDED 30TH SEPTEMBER, 2026

PARTICULARS	STANDALONE (Rs. In Lakhs)					CONSOLIDATED (Rs. In Lakhs)				
	Quarter Ended		Half year Ended		Year Ended	Quarter Ended		Half year Ended		Year Ended
	30.09.2026 (Unaudited)	30.09.2025 (Unaudited)	30.09.2026 (Unaudited)	30.09.2025 (Unaudited)	31.03.2026 (Audited)	30.09.2026 (Unaudited)	30.09.2025 (Unaudited)	30.09.2026 (Unaudited)	30.09.2025 (Unaudited)	31.03.2026 (Audited)
Total income from operations (net)	172.00	105.00	330.00	313.00	571.00	172.00	105	330.00	313.00	571.00
Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items)	24.00	17.00	49.00	36.00	65.00	24.00	17.00	50.00	36.00	65.00
Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items)	24.00	17.00	49.00	36.00	65.00	24.00	17.00	50.00	36.00	65.00
Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items)	24.00	17.00	49.00	36.00	35.59	24.00	17.00	50.00	36.00	35.59
Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit/(Loss)] for the period (after tax) and other comprehensive Income (after tax)	24.00	17.00	49.00	36.00	35.59	24.00	17.00	50.00	36.00	35.59
Equity Share Capital (Paid-Up)	2,941.00	1,174.00	2,941.00	1,174.00	2,941.00	2,941.00	1,174.00	2,941.00	1,174.00	2,941.00
Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) (for continuing and discontinued operations)										
1. Basic:	0.08	0.14	0.17	0.31	0.12	0.08	0.14	0.17	0.31	0.12
2. Diluted:	0.08	0.14	0.17	0.31	0.12	0.08	0.14	0.17	0.31	0.12

*Paid up Equity Share Capital & Earning Per Share provided above relates only to Vani Commercials Limited.

NOTES:
1 These Unaudited Financial Results of the Company have been prepared in accordance with the Indian Accounting Standards (Ind AS) as prescribed under Section 133 of the Companies Act 2013 read with Rule 3 of the Companies (Indian Accounting Standard) Rules, 2015.
2 The above unaudited financial results for the quarter and half ended 30th September, 2026 have been reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors of the Company at their respective meetings held on 14th November, 2026. These results have been subjected to limited review by the Statutory Auditors of the Company under Regulation 33 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015.
3 Previous year's/period's figures have been regrouped I rearranged, wherever required
4 The Unaudited Financial Results of the Company for the Quarter and half year ended on 30th September, 2026 are also available on website of the Company (www.vanicommercials.com) and on the website of BSE Limited (www.bseindia.com)
5 The Limited review as required under Regulation 33 of SEBI (Listing Obligations & Disclosure Requirements) Regulation, 2015 has been completed and related report does not have any impact on above results and notes for the Quarter and half year ended 30th September, 2026 which need to be explained.

For Vani Commercials Limited
Sd/-
Vishal Abrol
Managing Director
DIN: 06938389

Date: 14th November, 2026
Place: New Delhi

PUBLIC NOTICE

It is for general information that I **Poonam Choudhary** W/o **Rishi Kumar** R/o **1-84, Near Mother Dairy, Sector-27. Noida, PO: Noida, Dist: Gautam Buddha Nagar, Uttar Pradesh-201301** declare that name of mine has been wrongly written as **Poonam** in my minor daughter namely is **Tanishka Chaudhary** aged 14 years in her school record. The actual name of mine is **Poonam Choudhary** which may be amended accordingly.

PUBLIC NOTICE

It is for general information that I **Poonam Choudhary** W/o **Rishi kumar,** R/o **I-84 Sector-27 Noida, Dist: Gautam Buddha Nagar, Uttar pradesh-201301** Guardian of minor **Tanishka chaudhary** declare that name of our daughter has been wrongly recorded **Tanishka Chaudhary** in her School records. Her actual and correct name is **Tanishka Choudhary,** that **Tanishka Choudhary** and **Tanishka Chaudhary** the same name of one person. i.e my daughter.

MY MONEY SECURITIES LIMITED
CIN : L67120DL1992PLC047890
Regd Off. 10-A, Under Hill Lane, Civil Lines, Delhi-110054
Ph. : 011-47087300, 47087455, Email : mymoneyviews@outlook.com

(Rs. In Lacs)

Sl. No.	Particulars	Quarter Ended 30.09.2026 Unaudited	Quarter Ended 30.06.2026 Unaudited	Quarter Ended 30.09.2025 Unaudited	Half Year Ended 30.09.2026 Unaudited	Half Year Ended 30.09.2025 Unaudited	Year ended 31.03.2026 Audited
1	Total Income	195.52	295.99	42.47	491.51	128.09	601.10
2	Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/ or Extraordinary items)	1.09	247.94	31.82	249.03	-40.39	422.92
3	Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and /or Extraordinary items#)	-5.06	204.44	31.76	199.38	-45.97	420.69
4	Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)]	-5.06	204.44	31.76	199.38	-45.97	420.69
5	Equity Share Capital	1680.03	1680.03	1680.03	1680.03	1680.03	1680.03
6	Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) (not annualised) Basic	-0.030	1.217	0.189	1.187	-0.274	4.103
	Diluted	-0.030	1.217	0.189	1.187	-0.274	4.103

Note :
1. The above results have been reveiwed by th Audit Committe and approved by the Board of Directors in their meeting held on 14.11.2026.
2. The above is an extract of the detailed format of Unaudited financial results for the quarter & half year ended September 30, 2026 filed with Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the unaudited quarterly results is available on the stock exchange website www.bseindia.com and on the company website www.mymoneyviews.com

For and on behalf of the Board of Directors
Sd/-
(Sanjai Seth)
Whole Time Director & C.F.O
DIN : 00350518

Place : Delhi
Dated : 14.11.2026

PUBLIC NOTICE (INC-26)
MORAL INDUSTRIES LIMITED
CIN: U74999DL2010PLC205302
BEFORE THE REGIONAL DIRECTOR, NORTHERN REGION
IN THE MATTER OF THE COMPANIES ACT, 2013, SECTION 13(4)
AND
IN THE MATTER OF MORAL INDUSTRIES LIMITED (CIN: U74999DL2010PLC205302)

NOTICE is hereby given that an application is propcsed to be made to the Regional Director, Northern Region, for seeking confirmation under Section 13 of the Companies Act, 2013 for shifting the Registered Office of MORAL INDUSTRIES LIMITED from the State of Delhi to the State of Uttar Pradesh at Khasra No. 162, Behatawa, Kanpur Road, Amausi, Sarojini Nagar, Lucknow, Lucknow, Uttar Pradesh, 226008.

Any person whose interest is likely to be affected by the proposed change may deliver or send by registered post their objections supported by an affidavit stating the nature of interest within fourteen (14) days from the date of publication of this notice to the Regicnal Director, Northern Region, B-2 Wing, 2nd Floor, Paryavaran Bhawan, CGO Complex, Lodhi Road, New Delhi-110003, with a copy to the Company at its registered office:

For MORAL INDUSTRIES LIMITED
Sd/- AJAY KUMAR SHARMA
Director

Date: 16.11.2026

Although every possible care and caution has been taken to avoid errors or omissions, this publication is being sold on the condition and understanding that information given in this publication is merely for reference and must not be taken as having authority of or binding in any way on the writers, editors, publishers, and printers and sellers who do not owe any responsibility for any damage or loss to any person, a purchaser of this publication or not for the result of any action taken on the basis of this work. All disputes are subject to the exclusive jurisdiction of competent court and forums in Delhi/New Delhi only. Readers are advised and requested to verify and seek appropriate advice to satisfy themselves about the veracity of any kind of advertisement before responding to any contents published in this newspaper. The printer, publisher, editor and any employee of the Pioneer Group's will not be held responsible for any kind of claim made by the advertisers of the products & services and shall not be made responsible for any kind of loss, consequences and further product-related damages on such advertisements.

Printed and published by Kushan Mitra for and on behalf of CMYK Printech Ltd., Regd Office:- 201-205, 208-210, 2nd Floor, Pratap Bhawan 5, B.S.Z. Marg, New Delhi-110002 Phone: 011-46035729, and printed at The Indian Express Ltd., A-8, Sector 7, Dist. Gautam Budh Nagar (U.P.) Noida-201 301, Ph: 01202470700. Managing Editor Vijay Prakash Singh, Executive Editor Deepak Kumar Jha. AIR SURCHARGE of ₹ 2.00 East: Calcutta, North: Leh West: Mumbai & Ahmedabad South: Bangalore & Chennai. Central : Khajuraho. Lucknow Office: 4th Floor, Sahara Shopping Centre, Faizabad Road, Lucknow-226 016. Phone:- 9415089265